प्रेषिका,

श्रीमती शैला,
अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश/परिवार न्यायालय
गौतमबुद्धनगर।

सेवा में,

माननीय महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय
इलाहाबाद।

द्वारा: माननीय प्रधान न्यायाधीश,
परिवार न्यायालय,
गौतमबुद्धनगर।

विषय: वित्तीय वर्ष 2006–07 से 2015–2016 तक के प्रॉपर्टी स्टेटमेंट के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में सम्मान सहित निवेदन है कि मेरे द्वारा पूर्व में प्रॉपर्टी स्टेटमेंट वर्ष 2006 से 2016 तक कलेण्डर वर्ष के अनुसार प्रेषित कर दिये गये थे जिनमें सभी कटौतियां अंकित करने से छूट गई थी तथा अब मेरे द्वारा पुनः उपरोक्त सभी प्रॉपर्टी स्टेटमेंट पूर्ण करके Financial Year के अनुसार प्रेषित किये जा रहे है। प्रॉपर्टी स्टेटमेंट यथाशीघ्र न भेजने का कारण प्रार्थिनी दो जगह स्थानांतरण होने व सभी जनपदों का डेटा उपलब्ध न होने के कारण व प्रार्थिनी के छोटे–छोटे बच्चे होने के कारण प्रार्थिनी समय से प्रॉपर्टी स्टेटमेंट माननीय उच्च न्यायालय को प्रेषित नहीं कर पायी थी तथा अब मेरे द्वारा प्रॉपर्टी स्टेटमेंट पूर्ण कर Financial Year 2006-07 से 2015-2016 तक की चल–अचल सम्पत्ति का विवरण निर्धारित प्रपत्र पर भरकर प्रेषित किये जा रहे हैं।

अतः माननीय महोदय, से विनम्र अनुरोध है कि उक्त विवरण को माननीय न्यायालय के समक्ष रखने की कृपा करें।

"सादर प्रेषित।"

भवदीया,
Shaila

श्रीमती शैला,
अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश/परिवार न्यायालय
गौतमबुद्धनगर।

संलग्नकः—यथोक्त।